सं. आईसीएमआर संदर्भ संख्या-6-2(06)/2020 -प्रशा.-I

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

रामलिंगस्वामी भवन, नई दिल्ली-110029

रिक्त- परिपत्र

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य. एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर के संस्थान/नों के लिए प्रारंभिक 3 वर्षों की अवधि के लिए **प्रतिनियुक्ति आधार पर** निम्नलिखित पद/पदों को भरने के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्वायत्त संगठन/ निजी क्षेत्र के उपक्रमों के पात्र कर्मचारियों (एस.सी./एस.टी/अनारक्षित) से **दिनांक 26/02/21** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। इस समय सीमा को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशासनिक महत्व के हितों को देखते हुए हर वर्ष घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

क्र.सं.	पदनाम एवं वेतन लेवल	पद/पदों की संख्या एवं श्रेणी	संस्थान का नाम जिसके लिए रिक्त पद भरे जाने है।
1.	प्रशासन अधिकारी-लेवल-10 (56100-177500 रुपये)	02 (एससी)	आईसीएमआर-एनआईएन-हैदराबाद (1-एससी आईसीएमआर-एनआईएमआर, नई दिल्ली (1-एससी)
2.	अनुभाग अधिकारी-लेवल- 7 (44900-142400 रुपये)	04 (एससी) 01 (एसटी)	आईसीएमआर-एनआईआरटी-चैन्नई (2-एससी) आईसीएमआर-वीसीआरसी, पांडीचेरी (1-एससी) आईसीएमआर-आरएमआरसी, भुवनेश्वर(1 एससी) आईसीएमआर-आरएमआरसी, डिब्रूगड़ (1-एसटी)
3.	लेखा अधिकारी - लेवल-10 (56100-177500 रुपये)	01 (एससी)	आईसीएमआर-एनआईएमआर, नई दिल्ली (1-एससी)
4.	लेखा अधिकारी (कनिष्ट ग्रेड-लेवल-7 (44900-142400 रुपये)	03 (अनारक्षित)	आईसीएमआर-एनआईटीएम, बेलगांवी (1) आईसीएमआर-एनआईआईआरएनसीडी, जोधपुर (1) आईसीएमआर-आरएमआरसी, गोरखपुर (1)

क. प्रशासन अधिकारी के पद हेतु पात्रता शर्तें

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्वायत्त संगठन/ निजी क्षेत्र के उपक्रमों में धारित अनुरूप पद या लेवल 8 (रुपये 47600-151100) में अनुभाग अधिकारी के पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाला अथवा लेवल 7 (रुपये 44900-142400) ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाला कार्मिक ।

(ii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक 56 वर्ष से कम आयु ।

ख. अनुभाग अधिकारी के पद हेतु पात्रता शर्तें

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्वायत संगठन/ निजी क्षेत्र के उपक्रमों में कोई भी डिग्री धारी अनुरूप पद पर कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला या 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के संबंधित वेतन मैट्रिक्स के लेवल 6 एवं 7 (रुपये 35400-112400) एवं (रुपये 44900-142400) में सहायक के पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाला कार्मिक।

(ii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक 56 वर्ष से कम आयु वाला।

ग. लेखा अधिकारी के पद हेतु पात्रता शर्ते

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्वायत्त संगठन/ निजी क्षेत्र के उपक्रमों में धारित अनुरूप पद या लेवल 8 ग्रेड में अनुभाग अधिकारी के पद पर 4 वर्ष की नियमित सेवा करने वाला अथवा लेवल 7 में 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाला कार्मिक ।

(ii) बजट/वित्त/लेखा में कार्य करने का 2 वर्षों का अनुभव ।

घ. लेखा अधिकारी (जुनियर ग्रेड) के पद हेतु पात्रता शर्ते

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्वायत्त संगठन/ निजी क्षेत्र के उपक्रमों में धारित अनुरूप पद या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. कॉम की डिग्री या चार्टेड अकाउंटेड सहित 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के संबंधित वेतन मैट्रिक्स में लेवल 6 एवं 7 (रुपये 35400-112400) एवं (रुपये 44900-142400) में सहायक या लागत एवं कार्य लेखाकार की संस्थान से आईसीडब्लूए पाठ्यक्रम, एसएएस, वित्तीय विश्लेषण, अधीनस्थ लेखा सेवाओं में नियमित रूप से 5 वर्ष की सेवा करने वाला ।

(ii) कंप्यूटर और लेखा सॉफटवेयर का कार्यसाधक ज्ञान और बजट/वित्त/लेखा में कार्य करने का 2 वर्षों का अनुभव।

(iii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक 56 वर्ष से कम आयु ।

नोट: विभागीय अधिकारी (ICMR के कर्मचारी) प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे और इसी तरह प्रतिनियुक्तिवादी पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होंगे।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक और योग्य अधिकारी विस्तृत सीवी (पिछले कार्य का विवरण और अधिकारियों द्वारा संभाला गया कार्य) के साथ निर्धारित प्रपत्र (आईसीएमआर की वेबसाइट https://main.icmr.nic.in पर उपलब्ध है) में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अत: आवेदन पत्र उचित माध्यम से सहायक महानिदेशक (प्रशासन), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, रामालिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, पोस्ट बॉक्स -4911, नई दिल्ली -110029 पर दिनांक 26.02.2021 तक या इससे पहले पहुंच जाने चाहिए।

3. आवेदनों को अग्रेषित करते समय, नियंत्रण प्राधिकारी को निम्नलिखित दस्तावेज भी भेजने चाहिए: -

क) सतर्कता मंजूरी/ सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

ख) पिछले 5 वर्षों अर्थात् 2015, 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 की एपीएआर की सत्यापित प्रतियां।

4. आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले या अपूर्ण आवेदन या उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. सूचीबद्ध अभ्यार्थियों को परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में दी गई तारीख और समय पर साक्षात्कार के लिए (ऑफ लाईन/ ऑन लाईन) बुलाया जाएगा। व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/मंहगाई भत्ता अदा नहीं किया जाएगा।

6. आवेदक का चयन हो जाने के बाद उनको अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

7. चयनित उम्मीदवारों को तीन साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति / ISTC के आधार पर नियुक्त किया जाएगा, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशासनिक महत्व के हितों को देखते हुए हर वर्ष घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है। इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपी एंड टी) के निर्देशों के अनुसार प्रतिनियुक्ति के वेतन और अन्य नियम और शर्तों को नियंत्रित किया जाएगा।

सहा. महानिदेशक (प्रशा.)(I)
देरभाष नं. 011-2658694